an>

Title: Regarding Need to conduct an enquiry into the alleged irregularities in various competitive examinations conducted by U.P.P.S.C

श्री विनोद कुमार सोनकर **:** महोदय, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की जो परीक्षायें हुई, उनमें गड़बड़ी के विरोध में इलाहाबाद के छात्र आंदोलनरत थे। उन पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने बर्बरतापूर्वक लाठियाँ चलाई। मैं जब शाम को जिला अस्पताल में उनको देखने गया तो पुलिस द्वारा मेरे ऊपर भी लाठी चार्ज किया गया,...(व्यवधान) जातिसूचक शब्द प्रयोग किए गए, मेरे विशेषाधिकार का हनन किया गया।...(व्यवधान) मुझे पच्चीसों लाठियाँ मारी गई और वहाँ का जिला प्रशासन पूरी तरह से मेरे खिलाफ है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से, प्रधानमंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि इसकी जाँच कराकर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ और दोषी जिला प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की जाए। मुझे बहुत गंभीर चोटें आई हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा मुझे बहुत बर्बरतापूर्वक पीटा गया है। SC/ST उत्पीड़न का मुकदमा नहीं लिखा गया। मुझे बहुत बुरी तरह से पीटा गया है। आप हमारे संरक्षक हैं, अगर आप हमारी मदद नहीं करेंगे तो कौन मदद करेगा? इसकी जाँच कराई जाए, दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ और जिला प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

महोदय, जिलाधिकारी और एसएसपी वहाँ राजनीति करके मेरे खिलाफ मुकदमा लिखाने का काम कर रहे हैं। माननीय गृह मंत्री जी सदन में उपस्थित हैं, मैं उनसे निवेदन करता हूँ कि इसकी जाँच करायें।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Daddan Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Vinod Kumar Sonkar.

श्री राजीव प्रताप रूडी**:** माननीय सोनकर साहब ने यह विषय उठाया है। इनके साथ एक घटना हुई है, जिसमें इन पर लाठी चार्ज हुआ है, पुलिस बर्बरता का विषय इन्होंने उठाया है, यह निश्चित रूप से सदन के लिए चिंता का विषय है कि किसी माननीय सदस्य के साथ ऐसा हो। हम सदन को यह आश्वस्त करना चाहेंगे कि हम लोग विस्तृत जानकारी प्राप्त कर लेंगे और निश्चित रूप से उचित कार्रवाई करने का प्रयास किया जाएगा।

श्री भर्तृहरि महताब (कटक) **:** महोदय, यह सरकार की तरफ से रिस्पांस है, पर हाउस को इस मामले का काग्निजेंस लेना चाहिए। We have a specific Committee which deals with this type of misdemeanour. So, I would request the Chair to take cognizance if the hon. Member gives it in writing.

HON. DEPUTY SPEAKER: I will also recommend this matter.